दिनांकः 06.09.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- **केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जीएसटी 2.0 से सकल घरेलू उत्पाद में करीब 20 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी की उम्मीद जताई।**
- **प्रदेश के 12 बस डिपो को 160 ब्लू लाइन एक्सप्रेस बसों की सौगात–जयपुर से कैंचीधाम के लिए लक्ज़री बस सेवा शुरू।**
- **दक्षिणी राजस्थान के कुछ हिस्सों में अगले 24 घंटों तक अत्यधिक भारी बारिश का रेड अलर्ट।**
- **अनंत चतुर्दशी पर्व पर आस्था और भक्तिभाव से गणपति विसर्जन किया जा रहा है।**

केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि जीएसटी सुधारों से मध्यम वर्गीय परिवारों को बडी राहत मिलेगी। श्री वैष्णव ने आज नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में कहा कि इससे देश के सकल घरेलू उत्पाद में करीब 20 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। श्री वैष्णव ने कहा कि अब जीएसटी सुधारों के माध्यम से इस प्रणाली को सरल और स्थिर बनाया गया है।

--------------

केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने जोधपुर में मीडिया से बातचीम में जीएसटी पुनर्गठन को अर्थव्यवस्था की गति बढ़ाने वाला बताया। उन्होंने कहा कि इससे पर्यटन क्षेत्र को भी फायदा होगा।

----------------

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मौजूदगी में आज वित्त विभाग और पंजाब नेशनल बैंक के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। मुख्यमंत्री निवास पर हुए इस एमओयू के तहत राज्य सरकार की विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए पीएनबी की ओर से वित्तीय सहयोग दिया जाएगा। विकसित राजस्थान के लक्ष्य की दिशा में इसे अहम कदम माना जा रहा है।

श्री शर्मा ने आज दो सुपर लक्ज़री बसों और 160 ब्लू लाइन बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने जयपुर स्थित अमर जवान ज्योति से राजस्थान रोड़वेज की ओर से इन बस सेवाओं का शुभारंभ किया। ये लक्ज़री बसें जयपुर से उत्तराखंड के कैंचीधाम के लिए चलेंगी। इससे नीम करौली धाम जाने वाले यात्रियों को सहूलियत होगी और धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

वहीं ब्लू लाइन एक्सप्रेस बसें प्रदेश के बारह बस डिपो को उपलब्ध कराई गई हैं। इनमें जयपुर के चार डिपो शामिल हैं। हिण्डौन, दौसा, अजमेर, कोटपूतली, धौलपुर, सवाईमाधोपुर और भीलवाड़ा के बस डिपो भी शामिल हैं। प्रदेश में सार्वजनिक परिवहन को बेहतर बनाने के लिए ये नई बसें रोड़वेज बेड़े में शामिल की गई हैं। इनके संचालन से यातायात का बढ़ता दबाव सुगम करने में मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने आज जयपुर में गौ महाकुंभ में भी शिरकत की। विद्याधर नगर स्टेडियम में आयोजित इस सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने गौवंश के संवर्धन के लिए किये जा रहे राज्य सरकार के प्रयासों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गौ संवर्धन देश की संस्कृति से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बेलों से खेती करने वालों को अनुदान दे रही है।

--------------

राज्य के अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का जिला प्रभारी मंत्री और सचिव दौरा कर हालात का जायज़ा ले रहे हैं। इसके साथ ही संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर पीड़ितों को जल्द राहत देने को कहा जा रहा है। इसी कड़ी में आज सलूम्बर में जिला प्रभारी मंत्री हेमंत मीणा जिले में लगातार हो रही भारी बारिश और जल भराव की स्थिति का जायज़ा लेने पहुंचे। उन्होंने सेमारी क्षेत्र का दौरा किया और किसानों से फसल खराबे की जानकारी ली। श्री मीणा ने लोगों से तेज बहाव वाले क्षेत्रों से दूर रहने की अपील की है।

करौली में प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम और प्रभारी सचिव अनुपमा जोरवाल ने अतिवृष्टि से उपजे हालात की जानकारी ली और जरूरतमंदों को त्वरित सहायता देने के निर्देश दिये।

संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल और जोधपुर जिला प्रभारी मंत्री मदन दिलावर ने आज जिले के लूणी में अतिवृष्टि से हुए नुकसान की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने क्षतिग्रस्त स्कूलों, अस्पतालों और आंगनबाड़ी केन्द्रों की मरम्मत के प्रस्ताव जल्द तैयार करने के निर्देश दिये। श्री दिलावर ने कहा कि गिरदावरी प्रक्रिया में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रभावितों को जल्द राहत पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है।

डीग, सवाईमाधोपुर, करौली और हनुमानगढ़ में जिला प्रभारी सचिवों ने दौरा कर राहत कार्यों की समीक्षा की।

--------------

दक्षिणी राजस्थान के कुछ हिस्सों में अगले 24 घंटों तक अत्यधिक भारी बारिश का रेड अलर्ट है। राज्य के दक्षिण–पूर्वी हिस्से पर बने कम दबाव के क्षेत्र से उदयपुर और जोधपुर संभाग के कुछ भागों में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना है। इस दौरान अजमेर, बीकानेर, कोटा, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ भागों में भी मध्यम से तेज बरसात के आसार हैं। 8 सितम्बर से जोधपुर संभाग के अलावा राज्य के अधिकतर हिस्सों में भारी बारिश की गतिविधियों में कमी का अनुमान है।

इस बीच, आज भी अनेक स्थानों पर बारिश का सिलसिला बना रहा। सलूम्बर में मूसलाधार बरसात से नदी नालों में पानी की भारी आवक हो रही है। जिले की झामरी और टीड़ी नदी उफान पर हैं। गोमती और सरणी नदियां भी लबालब हैं। कई निचले इलाकों में स्थिति विकट हो गई है। डूंगरपुर जिले में भारी बरसात के रेड अलर्ट के मद्देनजर लोगों से सतर्क रहने की अपील की जा रही है। बांसवाड़ा में सुबह से ही कभी हल्की तो कभी तेज़ बारिश का सिलसिला जारी है। माही बजाज सागर बांध के आठ गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है।

---------------

पानी की भारी आवक से बेणेश्वर धाम टापू में तब्दील हो गया है। उदयपुर में तेज बारिश से कई कॉलोनियां जलमग्न हैं और आवागमन बाधित है। प्रशासन की ओर से लोगों से घरों से बाहर नहीं निकलने की अपील की जा रही है। बालोतरा में दोपहर में अच्छी बरसात हुई। श्रीगंगानगर में भी दोपहर में करीब दो घंटे तेज बारिश का दौर चला। जालौर के आहोर सहित कई स्थानों पर

झमाझम बारिश हुई। जवाई नदी के किनारे बसे लोगों से सुरक्षित स्थान पर जाने की अपील की जा रही है। सिरोही में भी रुक–रुक कर बारिश का दौर चला। भीलवाड़ा से हमारे संवाददाता ने बताया कि तेज बारिश को देखते बनास नदी पर बैरिकेडिंग लगाकर लोगों की आवाजाही रोक दी गई है।

--------------

चित्तौड़गढ़ जिले के सबसे बड़े गंभीरी बांध के दो गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है। उधर, कपासन क्षेत्र में हुई बरसात से दोवनी का नाला उफान पर है और गुलाब सागर भी छलकने लगा है। सवाईमाधोपुर के बामनवास, भांवरा, मित्रपुरा, चौथ का बरवाड़ा, खंडार और बौंली से भी तेज बरसात के समाचार हैं। पाली के जवाई बांध से भी पानी की निकासी लगातार जारी है।
तेज बारिश के कारण सिरोही जिले में पहाड़ी पर स्थित प्राचीन मातर माता मंदिर में 200 से अधिक श्रद्धालुओं का दल फंस गया। सूचना मिलने पर प्रशासन और एसडीआरएफ की टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए दूसरे मार्ग से विशेष उपकरणों की मदद से सभी लोगों को सुरक्षित नीचे उतारा।

उधर, बारां जिले के शाहबाद क्षेत्र में बिजली गिरने से छह लोग झुलस गये। दुर्घटना खांडा सहरोल गांव में गणेश विसर्जन के दौरान हुई। घायलों को समरानिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं गंभीर रूप से झुलसे एक व्यक्ति को बारां रैफर किया गया है।

--------------

सवाईमाधोपुर में दिल्ली–मुंबई एस्सप्रेस हाईवे पर एक सड़क हादसे में चार महिलाओं की मौत हो गई और दो अन्य महिलाएं घायल हो गईं। दुर्घटना मित्रपुरा क्षेत्र में एक ट्रक के टक्कर मारने से हुई, जिससे इनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। वहीं घायलों में से एक को लालसोट और दूसरी महिला को जयपुर रैफर किया गया है। ये महिलाएं लालसोट के चमनपुरा की रहने वाली हैं।

--------------

अनंत चतुर्दशी का पर्व आज परम्परागत आस्था के साथ मनाया जा रहा है। गणपति मूतियों का विसर्जन करने के लिए सुबह से ही जलाशयों पर श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। इस अवसर पर विसर्जन यात्राएं भी निकाली जा रही हैं, जिनमें भक्त नाचते–गाते गणपति के जयकारे लगा रहे हैं। प्राकृतिक जल स्त्रोतों के साथ लोग घरों और कृत्रिम जल स्त्रोतों में भी में गणपति विसर्जन कर रहे हैं। पुलिसकर्मी और एनडीआरएफ तथा एसडीआरएफ की टीमें भी लोगों की सुरक्षा के लिए विसर्जन स्थलों पर तैनात हैं। चित्तौड़गढ़, पाली, सलूम्बर, सवाईमाधोपुर, सिरोही, भरतपुर, जोधपुर सहित विभिन्न स्थानों पर बारिश की फुहारों के बीच लोग भक्ति भाव से गणपति विसर्जन कर रहे हैं। कोटा में किशोर सागर तालाब और भीतरिया कुंड पर गणपति बप्पा को भावपूर्ण विदाई देने के लिए श्रृद्धालुओं की भारी भीड़ है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोटा में शोभा यात्रा को रवाना किया। अनंत चतुर्दशी महोत्सव को संबोधित करते हुए श्री बिरला ने इसे सामूहिक श्रद्धा का पर्व बताया।

--------------